C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 78 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 10 सितम्बर 2025

सन ऑफ सरदार 2 में दरकिनार...पेज-3 पर

## नेपाल में बवाल आगजनी



### इंडिगो की काठमांडू के लिए उड़ान सेवाएं रद्द

## नेपाली सेना का ऐलान देशभर में लागू रहेगा कर्फ्यू

नई दिल्ली/काठमांडू

एजेंसी

नेपाल के युवाओं के आक्रोश ने देश में राजनीतिक-सामाजिक उथल-पुथल पैदा कर दी है। आक्रोशित जेन-जी (युवाओं) की भीड़ ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मंत्रियों के घरों को आग लगा दी। इसके अलावा देश की संसद, सुप्रीम कोर्ट और कई सरकारी इमारतों में भी आगजनी की गई। भारत ने बिगड़ते हालात पर चिंता जाहिर की है। एहतियात के तौर पर एयर इंडिया, इंडिगो और नेपाल एयरलाइंस ने दिल्ली से काठमांडो जाने वाली उड़ानों को रद्द कर दिया है।

नेपाल के पूर्व पीएम झलनाथ खनल के घर की तस्वीर, जिसे प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को आग लगा दी थी। इस आगजनी में पूर्व पीएम की पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार की जलकर मौत हो गई थी। नेपाल में हिंसा के चलते उड़ान सेवाएं बाधित होने से सैंकड़ों भारतीय वहां फंसे हुए हैं। मुंबई के एक भारतीय नागरिक मयूर पाटिल ने कहा, हम भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन और नेपाल के दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आए थे। हम 8 सितंबर को यहां पहुंचे। हमने पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन किए, लेकिन अब हम विरोध प्रदर्शनों के कारण फंस गए हैं। हमने भारतीय दूतावास को फोन किया और उन्होंने हमें जहां भी हैं, वहीं सुरक्षित रहने को कहा। वे हमें आगे क्या करना है, इसके बारे में बताएंगे। हमने 8 दिनों के दौरे की योजना बनाई थी। हमारा 15 लोगों का एक समूह हैं। नेपाल की राजधानी काठमांडू में नेपाली सेना गश्त कर रही है, जहां पिछले दो दिनों से हिंसा जारी है और विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था। कथित भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कल इस्तीफा दे दिया। भैरवा में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। नेपाली मीडिया कांतिपुर मीडिया समूह के मुख्यालय में भी मंगलवार को आग लगा दी गई है। इमारत से अभी भी धुआं उठ रहा है। कथित भ्रष्टाचार को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कल इस्तीफा दे दिया। नेपाल में हालात को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस ने काठमांडू जाने वाली उड़ानें अगले आदेश तक रद्द कर दी हैं। इंडिगो ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि काठमांडू से आने और जाने वाली सभी उड़ानें 10 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक रद्द रहेंगी। एयरलाइंस ने काठमांडू एयरपोर्ट के बंद होने को इसकी वजह बताया है।



## मांग: संविधान फिर से लिखें, तीन दशकों से हो रही लूट की जांच हो

नई दिल्ली/काठमांडू

एजेंसी

नेपाल में जेन-जी के सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन के बीच मंगलवार को सरकार का तख्तापलट हो गया और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, कृषि मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के इस्तीफे से देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है।

नेपाल के जेनरेशन जेड प्रदर्शनकारियों के सामने प्रधानमंत्री केपी शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार को अपनी हार स्वीकार करनी पड़ी है। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया है। अब जेनरेशन जेड प्रदर्शनकारियों ने कई राजनीतिक और सामाजिक मांगें रखी हैं। इन मांगों में संविधान को फिर से लिखने या संशोधन करने, शासन में व्यापक सुधार और पिछले तीन दशकों में राजनेताओं की ओर से लूटी गई संपत्तियों की जांच शामिल है। आंदोलन के दौरान एलान किया गया कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान गंवाने वाले सभी लोगों को आधिकारिक तौर पर शहीदों का दर्जा दिया जाएगा और उनके परिवारों को राजकीय सम्मान, सम्मान और राहत दी जाएगी। आयोजकों ने बेरोजगारी से निपटने, पलायन पर अंकुश लगाने और सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए विशेष कार्यक्रमों का भी वादा किया है। प्रदर्शनकारियों के एक बयान में कहा गया है, यह आंदोलन किसी पार्टी या व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरी पीढ़ी और देश के भविष्य के लिए है। शांति जरूरी है, लेकिन यह एक नई राजनीतिक व्यवस्था की नींव पर ही संभव है। समूह ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति और नेपाली सेना उनके प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से लागू करेंगे।



## News कॉर्नर

### यूपी में नेपाल से जुड़ी हर सोशल मीडिया पोस्ट की हो रही निगरानी

**लखनऊ।** नेपाल में चल रहे आंतरिक विद्रोह और बगावत के बीच यूपी सरकार अलर्ट मोड पर है। प्रदेश की सीमाओं को सील करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पोस्ट पर निगरानी की जा रही है। पुलिस की एक विशेष यूनिट सोशल मीडिया पोस्ट पर निगाह रख रही है। किसी भी तरह की भड़काऊ पोस्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सीमावर्ती इलाकों में तनाव के हालात पर नजर रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए है। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने नेपाल सीमा से सटे सभी जिलों में पुलिस को 24 घंटे अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। इलाकों में अतरिक्त पुलिस फोर्स की भी तैनाती कर दी गई है। पुलिसकर्मी लगातार पेट्रोलिंग और निगहबानी कर रहे हैं। वहीं, नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है। इसकी जिम्मेदारी एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश को सौंपा गया है। एडीजी अमिताभ ने बताया कि सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### चेकिंग अभियान में 600 वाहनों के चालान किए

**हल्द्वानी।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) हल्द्वानी के निर्देश पर 8 व 9 सितम्बर को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 11 प्रवर्तन दलों ने हल्द्वानी, भीमताल, रुद्रपुर, काशीपुर, रामनगर, लालकुआं-किच्छा, नैनीताल शहर सहित विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग की। अभियान के तहत कुल 600 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें सबसे अधिक 202 दोपहिया वाहन, 184 भार वाहन और 20 स्कूल बसें शामिल हैं। वहीं, 47 वाहनों को निरुद्ध (सीज) कर हल्द्वानी, नैनीताल आरटीओ ऑफिस व अन्य थाना-चौकियों में खड़ा किया गया।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ सात लाख 25 हजार सौ रुपये की साईबर ठगी, मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

साईबर थाना कुमाऊं पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साईबर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आवास विकास रुद्रपुर निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने थाना साईबर पुलिस को बताया कि इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म में उन्होंने एक विज्ञापन देखा। इस पर सात जून 2025 को उन्होंने लिंक पर क्लिक किया। बताया कि बाद वह एक व्हाटसएप ग्रुप से जुड़ गया था। ग्रुप में एक व्यक्ति ने खुद को शून्य बाय फिनवेसिया सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि सर्वजीत सिंह विर्क बताया। जो निवेश, सलाह और बाजार विश्लेषण के लिए दिन में तीन से चार बार उससे और अन्य लोगों से व्हाटसएप ग्रुप में संवाद करता था। पीड़ित के मुताबिक 14 जून से छह जुलाई के बीच में ट्रेडिंग शेयर के नाम पर वह जो भी कहते थे वह करता रहा। सात जुलाई को उसे वीआइपी प्रोग्राम नाम से एक ट्रेडिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए कहा गया। जहां अर्जित लाभ पर 10 प्रतिशत कमीशन के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ का वादा किया। ट्रेडिंग के लिए उनके ट्रेडिंग एप शूनेक्सएचएनआइ का उपयोग करने को कहा। जब उसने एप का उपयोग किया तो वह ट्रेडिंग प्रोग्राम में शामिल हो गया। उनके दिए लिंक पर क्लिक कर उसने उनका एप डाउनलोड किया। बाद से वह रुपये जमा करने, एप से जुड़ी समस्या और प्रश्नों के लिए उनके कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव से व्हाटसएप के जरिए संपर्क करता था।

## पूर्व सांसद व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा दिल्ली से रुद्रपुर पहुंचे, कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**रुद्रपुर।** पूर्व सांसद व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा दिल्ली से रुद्रपुर आगमन पर कांग्रेसजनों ने रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंच उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। विदित है कि प्रदीप टम्टा पार्टी सदस्यता सर्जन अभियान के अंतर्गत पीसीसी सदस्य मनोनीत किए गए हैं और अगले दो दिन वह एआईसीसी सदस्य डॉक्टर नरेश कुमार के साथ विभिन्न संगठनो के साथ साथ कार्यकर्ताओं से भी रायशुमारी करेंगे। स्वागत करने वालों में कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रहें मोहनखेड़ा,पीसीसी सदस्य परिमल राय, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा,संजय जुनेजा पार्षद सौरभ राज बेहड़, पार्षद शुभम राय,जगदीश दास, दीप प्रकाश,साजिद खान,जगदीश कर्मकार, नंद शेखर गांगुली सहित अनेको कांग्रेसी मौजूद थे।

## भाजपा का बड़ा एक्शन, हल्द्वानी के युवा नेता को किया तत्काल प्रभाव से बर्खास्त

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड भाजपा ने संगठन में अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। भारतीय जनता पार्टी ने युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश मंत्री विपिन पांडे को अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया है। यही नहीं, पार्टी ने उनकी सक्रिय सदस्यता भी समाप्त कर दी है। यह निर्णय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर लिया गया। कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने जारी की।पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, चाहे वह कोई भी पदाधिकारी क्यों न हो।यह निर्णय संगठन में कार्यरत सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए एक सख्त संदेश है कि नियमों और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित है। भाजपा की इस कार्रवाई को संगठनात्मक अनुशासन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।



# सार्वजनिक शौचालय बंद होने से लोगों में आक्रोश

**धारी**

**हमारे संवाददाता**



भटेलिया हाईटैक सार्वजनिक शौचालय बंद होने पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । भटेलिया हाईटैक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण में लगभग 38 लाख की धनराशि से किया है। डेढ साल पहले बने सार्वजनिक शौचालय को जनता के लिये महज 15 दिन खोल कर बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया टेण्डर विधि से व्यसायिक आउटलेट व हाईटैक सार्वजनिक शौचालय का जिम्मा स्थानीय व्यक्ति को सौंपा गया।

स्थानीय व्यक्ति धारी क्षेत्र का है जिसकी सत्ताधारी व उच्च अधिकारियों के बीच पकड़ है। लेकिन व्यसायिक आउटलेट को संचालित कर रहे व्यक्ति ने हाईटैक सार्वजनिक शौचालय पर ताला लटका दिया और पानी व स्वच्छक नही होने का हवाला दिया। मंगलवार भटेलिया में कांग्रेस नेता हरीश पनेरु पूर्व दर्जा राज्य मंत्री की आगुवाई में ग्रामीणों, टैक्सी यूनियन व स्थानीय दुकानदारों ने हाईटैक सार्वजनिक शौचालय सामने एकत्र होकर प्रदर्शन किया ।

हाईटैक सार्वजनिक शौचालय लटका खोलने मांग को खोलने लेककर धारी उपजिलाधिकारी अधिकारी केएन गोस्वामी को शिकायत की है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी यदि कल बुधवार का हाईटैक सार्वजनिक शौचालय का ताला नही खोला गया तो ताला तोड. दिया जायेगा।

वहीं हाईटैक सार्वजनिक शौचालय बंद होने पर्यटकों के साथ स्थानीय बाजार व राहगीरों को समस्या हो रही है। हरीश पनेरू का कहना है की अगर कल तक ताला नही खोला गया तो हम ताला तोड़ देंगे। इस मौके पर दीवन सिंह बिष्ट, हेमंत सिंह बिष्ट, भ्यूराज सिंह, बच्ची सिंह, मदन सिंह, पान सिंह, पंकज, गणेश सिंह, भवान आदि लोग मौजूद रहे।



# कुमाऊं विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में हिमालय दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंगलवार को हिमालय दिवस मनाया गया जिसमें वनस्पति विज्ञान के अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस मौके पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि हिमालय हमारी पहचान है तथा हिमालय हमारी संस्कृति, विरासत तथा हमारा पर्यावरण है । कहा कि विश्व की सबसे ऊंची छोटी हिमालय 24000 किलोमीटर लंबी तथा हमारी विरासत है । वर्तमान में जलवायु परिवर्तन से हिमालय में परिवर्तन आ रहे है जिसमें हमें सभी नागरिकों को इसके संरक्षण पर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करनी होगी । इस दौरान 300 विद्यार्थियों को हिमालय बचाओ शपथ भी कराई गई । इस अवसर पर प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टमटा, डॉ नंदन सिंह मेहरा, डॉ नवीन पांडे, दिशा, वसुंधरा, विशाल बिष्ट तथा लता सहित बड़ी संखया में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीएम योगी के सहयोग से 3800 आपदा राहत किट उत्तराखंड भेजी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के सहयोग से 3800 आपदा राहत किट उत्तराखंड भेजी गई है, जो हल्द्वानी पहुंची।

इस संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने अवगत कराया की मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सहयोग से कुमाऊं मंडल में मानसून कल में हुई आपदा के दृष्टिगत 3800 राहत किट मंगलवार को हल्द्वानी पहुंचे, जिन्हें उप जिला अधिकारी पीलीभीत मयंक गोस्वामी, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह व तहसीलदार पीलीभीत विदेह सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा इनको हल्द्वानी तक पहुंचा गया। उत्तराखंड शासन के निर्देशानुसार इन राहत किटों का वितरण मंडल के अन्य जनपदों में किया जा रहा है जिसमें नैनीताल जनपद में 1000 किट, बागेश्वर व पिथौरागढ़ हेतु 900, 900 वह अल्मोड़ा चंपावत हेतु 500,500 राहत किट दिए गए हैं। हल्द्वानी स्थित एच एन इंटर कॉलेज से विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत एवं विभिन्न दायित्वधारियों, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा हरीझंडी दिखाकर राहत किटों के वाहनों को मंडल के अन्य जनपदों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



## NEWS / फटाफट

### आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग



**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल के घनी आबादी वाले हरिनगर वार्ड में इन दिनों आवारा कुत्तों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है। कुत्तों के आतंक से वार्डवासी खासे दशहत में हैं। दूसरी ओर मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए वार्ड की सभासद शीतल कटियार ने पालिका प्रशासन को पत्र लिखकर जल्द कार्रवाई करने की गुजारिश की है ताकि वार्डवासियों को आवारा कुत्तों के आतंक से निजात मिल सके। सभासद शीतल कटियार के मुताबिक आवारा कुत्ते हर रोज राह चलते लोगों और बच्चों पर हमला कर रहे हैं जिसकी वजह से वार्ड में दहशत का माहौल बना है। दूसरी ओर वार्डवासियों का कहना है कि कई लोग अब तक आवारा कुत्तों के हमलों का शिकार होकर घायल हो चुके हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग वार्ड से गुजरने में भी डर महसूस करने लगे हैं। सभासद शीतल कटियार ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका प्रशासन और मुखय सफ ाई निरीक्षक को अवगत कराया है। शीतल के मुताबिक उन्होंने फ ोन और लिखित पत्र के माध्यम से पालिका प्रशासन के अधिकारियों से मांग की कि वार्ड के लोगों को आवारा कुत्तों के आतंक से जल्द राहत दिलाई जाए।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0) /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर राजकीय आदर्श बालिका इंटर कॉलेज भवाली में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से पूर्व अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक विकास तथा लैंगिक समानता और लोकतांत्रिक भागीदारी में साक्षरता में भूमिका पर विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिनियम के अंतर्गत अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं और निःशुल्क कानूनी सहायता पर कानूनी साक्षरता अभियान के संबंध में बताया गया। कला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय छात्राओं उरुब खातुन, कीर्ति टमटा एवं योगिता बिष्ट को सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा प्रमाण पत्र भी देकर पुरस्कृत किया गया। शिविर में पी0एल0वी0 अधिकार मित्र सोनम, ऋतु आर्या तथा प्रधानाचार्य रेखा चन्द्रा व अन्य गुरुजन मौजूद रही।

### कल होगा कविता पाठ प्रतियोगिता

**नैनीताल** । कुमाऊँ विश्वविद्यालय की महादेवी वर्मा सृजन पीठ द्वारा कवयित्री महादेवी वर्मा के 38 स्मृति दिवस के विशेष मौके पर 11 सितंबर (वीरवार) को राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में सस्वर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य डॉ. नगेन्द्र द्विवेदी करेंगे। पीठ समन्वयक मोहन सिंह रावत के अनुसार उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हरीश चन्द्र जोशी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है।

### पोखरिया के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर अधिवक्तता खुशी



**नैनीताल** । नैनीताल नगर के युवा अधिवकता दया किशन पोखरिया को भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष बनने पर अधिवकताओं में खुशी की लहर छा गयी है। मामले में मंगलवार को जिला बार एसोशिएशन0 के पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रकाश समेत वरिष्ठ अधिवक्ता मान सिंह बिष्ट, राकेश सुयाल, करन साह तथा पूर्व सचिव अरुण बिष्ट,नगर पालिका परिषद के युवा सभासद पूरन सिंह बिष्ट समेत सुनीता पाण्डे, डीड राइटर कमल सुयाल, अनिल पलडिया, सुनीता आर्या, आनन्द पडियार तथा नितेन्द्र प्रसाद आदि ने मिठाई खिलाकर पोखरिया को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अखिल भारतीय अधिवकता परिषद का 34वां स्थापना दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के हाल में मंगलवार को अधिवक्ता परिषद हाईकोर्ट इकाई नैनीताल के द्वारा अखिल भारतीय अधिवकता परिषद के 34वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुखय वक्ता के तौर पर गजेंद्र सिंह संधू तथा अतिथि के रुप में जानकी सूर्य के द्वारा भागीदारी की गई। इस कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता परिषद हाईकोर्ट इकाई के महामंत्री अनिल कुमार जोशी के द्वारा किया गया। इसमें हाईकोर्ट इकाई के अध्यक्ष लोकेंद्र डोभाल, कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह अधिकारी, उपाध्यक्ष प्रमोद बेलवाल के साथ संजीव कुमार मंडल, दिनेश चंद्र सिंह रावत, संदीप टंडन तथा अक्षय लटवाल आदि के द्वारा सहयोग किया गया। मुख्य वक्ता द्वारा अधिवक्ता परिषद के गठन की लंबी यात्रा तथा अधिवक्ता परिषद की कार्य प्रणाली व उपलबधियां बताई गई तथा राष्ट्र के प्रगतिशील होने में अधिवक्ताओं की कार्यप्रणाली व योगदान पर चर्चा की गई।



# देर रात कपड़े की दुकान में धधकी आग

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कपड़े की दुकान में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दमकल कर्मी सहित कोतवाली पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम ने स्थानी लोगों के साथ मिलकर आज पर काबू पाया लेकिन जब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया मीरा मार्ग स्थित वैशाली इंपोरियम से करीब रात के 10.40 बजे स्थानीय लोगों ने धुआं निकलता देखा देखते ही देखते धुएं ने आग का रूप अपनालिया ओर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते दुकान धू-धू कर जलने लगी।



स्थानीय लोगों ने आग को धधकते देखा तो लोगों ने अपने-अपने घरों से पानी लेकर मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही दमकल के दो वाहन मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंच कर स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर पूरी तरह काबू पाया।

बताया जा रहा है कि अगर आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। दुकान के स्वामी प्रमोद गुप्ता भी सूचना मिलते ही अपनी दुकान पर पहुंच गए

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दुकान स्वामी का कहना है कि आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# अभिमत



## मौलिक अधिकार की सीमा!

*अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार की सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को विभिन्न समुदायों से संबंधित हास्य पैदा करने वाली टिप्पणी करते समय सतर्कता बरतने, विशेष तौर से समाज के हाशिये पर रहने वाले समुदायों से संबंधित मामलों पर ध्यान रखने की हिदायत दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि व्यावसायिक फायदे मौलिक अधिकार के तहत नहीं आते हैं।*

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार है। मानवीय समाज में अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण है और हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, परन्तु अधिकार निरंकुश और असीमित नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार की सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को विभिन्न समुदायों से संबंधित हास्य पैदा करने वाली टिप्पणी करते समय सतर्कता बरतने, विशेष तौर से समाज के हाशिये पर रहने वाले समुदायों से संबंधित मामलों पर ध्यान रखने की हिदायत दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि व्यावसायिक फायदे मौलिक अधिकार के तहत नहीं आते हैं। इंडियाज गॉट टेलेंट के प्रस्तोता समय रैना सहित पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से शीर्ष अदालत ने कहा कि दिव्यांग और दुर्लभ आनुवंशिक विकार से पीड़ितों का उपहास उड़ाने के लिए बिना शर्त माफी मांगें। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को अपमानित करने या उनका उपहास उड़ाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने को कहा है। ऐसे मामलों में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय हस्तक्षेप करे। दरअसल देश के दो कॉमेडियन ने अपने कार्यक्रम में दिव्यांगों का मजाक उड़ाया। एक संगठन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। अदालत ने बहुत ही भावनात्मक बात कही, ''जो अपमान किया गया है, उसके मुकाबले पछतावे की भावना ज्यादा होनी चाहिए। यह दंड का ही एक रूप है।'' हास्य जीवन का हिस्सा होना चाहिए, लेकिन किसी को चोट पहुंचाए बिना। जब हम संवेदनशील नहीं होते हैं, तब हास्य भी समस्या बन जाता है। हास्य-व्यंग्य किसी और के सम्मान की कीमत पर नहीं होना चाहिए। टीवी चैनल और सोशल मीडिया के शो में मर्यादा का पालन नहीं होने से अश्लीलता, द्विअर्थी संवाद और फूहड़ता की होड़ सी लग गई है। महिला अपराध बढ़ रहे हैं। युवाओं के साथ बच्चों में भी हिंसा की प्रवृत्ति उत्पन्न हो रही है। प्रिंट मीडिया की सामग्री से समाज को संस्कार, भारतीय संस्कृति और दिशा मिलती है। प्रिंट मीडिया के लिए विस्तृत आचार संहिता लागू है। फिल्मों के लिए सेंसर बोर्ड है, हालांकि कुछ फिल्मों से समाज पर कुप्रभाव पड़ा है। इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया पर नियंत्रण की व्यवस्था नहीं होने से अव्यवस्था जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।

# मानसून काल में क्षति के आंकलन को पहुंची टीम

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



भारत सरकार की अंतर मंत्रालीय केंद्रीय टीम मंगलवार को मे इस मानसून काल में हुई क्षति के आंकलन हेतु भ्रमण पर पहुंची। टीम ने मानसून काल के दौरान जिले में हुई क्षति की समीक्षा हेतु अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

काठगोदाम सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी वंदना ने टीम का स्वागत करते हुए जिले में आपदा से हुई क्षति का विस्तार से ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मानसून काल में जनपद को लगभग ?443.42 करोड़ का नुकसान हुआ है, जिसमें आपदा न्यूनीकरण मद में 285 करोड़ एवं विभिन्न विभागीय परिसंपत्तियों को लगभग 158 करोड़ का नुकसान आंका गया है।

मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, ऊर्जा, ग्रामीण निर्माण विभाग, पेयजल एवं शिक्षा विभाग प्रमुख विभाग हैं जिन्हें अधिक क्षति हुई है। जिलाधिकारी ने विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क मार्गों में हुई क्षति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने जिले की महत्वपूर्ण सड़क जो पहाड़ी जनपदों को जोड़ता है हल्द्वानी भीमताल अल्मोड़ा सड़क मार्ग जो वर्षात में रानीबाग मोटर पुल के पास पहाड़ कटान की गंभीर समस्या से बन्द हो जा रहा था उस समस्या के साथ ही विभिन्न सड़क मार्गों जो वर्षात में लगातार बन्द हो जा रही थी उन मार्गों के संबंध में केंद्रीय टीम को अवगत कराते हुए उनके स्थायी समाधान की आवश्यकता बताई। जिलाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से क्षतिग्रस्त, विद्यालय भवनों, सड़क मार्गों, सिंचाई गूलों, सरकारी परिसंपत्तियों सहित नदी एवं जल भराव के कारण जिले के अन्य स्थानों गोलापार, चोरगलिया, लालकुआं, हल्द्वानी, रानीबाग,रामनगर सहित जिले के पहाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में हुई क्षति की भी जानकारी देते हुए विवरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विभिन्न नदियों जैसे गोला, कोसी, नंधौर आदि में हुए भू-कटाव तथा प्रभावित गांवों और नगर क्षेत्रों की स्थिति से भी टीम को अवगत कराया गया।


बैठक के उपरांत केंद्रीय टीम ने जिला अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने इंदिरा गांधी स्टेडियम गोलापार, गोला पुल, सूखी नदी, चोरगलिया क्षेत्रों में जाकर स्वयं क्षति का आकलन किया। टीम में भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के निदेशक वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल आयोग के अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार, निदेशक यूएलएमएमसी शांतनु सरकार शामिल रहे। इस दौरान जिले से प्रभागीय वनाधिकारी कुंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, विवेक रॉय, एस पी प्रकाश चंद्रा सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, चार घायल, उपचार के दौरान एक की मौत

**कालाढूंगी।** बीती रात हुए सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान हुई मौत के बाद बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है गौरतलब है कि मंगलवार देर शाम गुलजापुर बंकी चौराहे के पास बड़ा हादसा हो गया। दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी कालाढूंगी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीन घायलों को सुशीला तिवारी रेफर कर दिया, रतनपुर चकलुवा निवासी 22 वर्षीय कमल यादव पुत्र सुभाष यादव अपने मित्र कमल आर्या पुत्र पुष्कर राम के साथ बाइक से कालाढूंगी आ रहे थे। इस दौरान गुलजापुर बंकी चौराहे पर घास लेकर जा रही एक महिला को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से जा भिड़ी।

## पुलिस ने गाड़ी से काली फिल्म हटाने को लेकर पर्यटकों पर की कार्रवाई

**नैनीताल ।** दिल्ली से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों को गाड़ी में काली फि ल्म चढ़ाकर घूमना महंगा पड़ गया।पुलिस ने पर्यटकों पर कर्रवाई के कर दी। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर दिल्ली से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों को चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने तल्लीताल में रोका और गाड़ी से काली फिल्म हटाने को कहा साथ ही अन्य दस्तावेजों की जानकारी ली इस बीच तल्लीताल क्षेत्र मे पुलिस ने पर्यटकों को रोक काली फिल्म हटाने को कहा लेकिन पर्यटकों ने पुलिस की बातों को अंदेखा करके गाड़ी मल्लीताल की तरफ भगा दी वही मल्लीताल में पुलिस चौकी में तैनात पुलिस कर्मियों ने गाड़ी को रोका तो पर्यटक पुलिस से भीड़ गए।जिसके बाद पुलिस ने पर्यटकों को गाड़ी से बाहर कर गाड़ी से काली फिल्म उतर दी।




# फिल्मी दुनिया

## सन ऑफ सरदार 2 में दरकिनार किए जाने पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी




*बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा सन ऑफ सरदार फिल्म का हिस्सा थीं, जिन्हें दर्शकों ने काफी प्यार दिया था। हालांकि उन्हें सन ऑफ सरदार 2 में मेकर्स ने जगह नहीं दी। उनकी जगह फिल्म में मृणाल ठाकर ने मुख्य भूमिका निभाई। अब सोनाक्षी ने आखिरकार अजय देवगन अभिनीत इस फिल्म के दूसरे भाग में अपनी अनुपस्थिति पर सफाई दी है।*

*सोनाक्षी सिन्हा ने बातचीत में सन ऑफ सरदार 2 में हिस्सा ना होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'जहां तक मैं देख सकती हूं कि सन ऑफ सरदार 2 फिल्म के लिए वे विदेश गए थे। इसलिए वही किरदार कहानी का हिस्सा नहीं हो सकता था। आप केवल इसके लिए अपमानित महसूस नहीं कर सकते। आपको व्यावहारिक होना होगा और प्रत्येक फिल्म को एक अलग प्रोजेक्ट के रूप में लेना होगा।*

*सन ऑफ सरदार 2 फिल्म में अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकर मुख्य भूमिका में थीं। इस फिल्म को विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित किया गया था। वही इस कॉमेडी ड्रामा में रवि किशन, विंदू दारा सिंह और संजय मिश्रा जैसे कलाकार भी मौजूद थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म जटाधारा है। इस फिल्म से सोनाक्षी सिन्हा का लुक भी सामने आ चुका है, जो उनके फैन्स को काफी पसंद भी आया। फिल्म में एक्ट्रेस के साथ साउथ एक्टर सुधीर बाबू लीड रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा सोनाक्षी को आखिरी बार निकिता रॉय में देखा गया था। इस फिल्म को कुश सिन्हा द्वारा निर्देशित किया गया था। फिल्म में सोनाक्षी ने एक ऐसी महिला की भूमिका निभाई थी, जो टूटी हुई भी है, जिद्दी भी और कहीं न कहीं अपनी ही सोच में खोई हुई है।*

## News कॉर्नर

### रिंकू रंगा ने सीएसआइआर यूजीसी नेट परीक्षा में हासिल की 51वीं रैंक



रुद्रपुर। एक बार फिर से रुद्रपुर की युवा प्रतिभा ने देश और राज्य का नाम रोशन किया है। आवास विकास अटरिया रोड निवासी उत्तर प्रदेश पुलिस से सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त सुनीराम रंगा की पुत्री कुमारी रिंकू रंगा ने सीएसआइआर यूजीसी नेट 2025 की परीक्षा में ऑल इंडिया 51 रैंक प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कुमारी रिंकू वर्तमान में गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी से आणविक जीवविज्ञान और आनुवंशिक इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रही है। वह अपने शोध कार्य के साथ-साथ उन्होंने वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को पास कर वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा ने कुमारी रिंकू रंगा के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी।

# असामाजिक तत्वों पर सख्ती के लिए चलाया ऑपरेशन रोमियो अभियान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

देर आए दुरुस्त आए वाली कहावत उस वक्त देखने को मिली जब एस एस पी मीणा अचानक ऑपरेशन रोमियो अभियान चलाने की याद आई और महिलाओं की सुरक्षा का जिम्मा लेकर कमान देर रात मुखानी थाना क्षेत्र में पहुंच कर अपने मातहतों को जनता की सुरक्षा का पाठ पढ़ा कर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन रोमियो अभियान की कमान स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने संभाल ली है।

एसएसपी मीणा अब अधिकतर शहर में दिखाई दे रहे हैं और शहर का दौरा भी करते नजर आ रहे हैं। और मौके पर रहकर अभियान की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं ताकि असामाजिक तत्वों पर सख्त नियंत्रण रखा जा सके। अभियान को और अधिक प्रभावशाली तथा कठोर



बनाने के उद्देश्य से एसएसपी स्वयं देर रात तक टीम के साथ डटे रहे हैं। और कार्यवाही का जायजा लेते रहे। एस एस पी मीणा का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। देर रात इस अभियान के तहत दर्जनों शराबी, तेज रफ्तार, हुड़दंगियों,मनचलों के चालान कर कार्रवाई अमल में लाई गई।और लाखों रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। एस एस पी मीणा का कहना है ये अभियान आगे भी जारी रहेगा अभियान के दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र,सीओ नितिन लोहनी कोतवाल राजेश कुमार यादव बनभूलपुरा थाना प्रभारी सुशील कुमार, मुखानी थाना प्रभारी दिनेश जोशी, काठगोदाम थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा, काला ढूंगी थाना प्रभारी विजय महता, सहित समस्त चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

# किराएदार कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान मालिक से जानकारी लेने के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को पुलिस को 112 से जानकारी मिली कि वार्ड नंबर तीन ट्रांजिट कैंप के ए ब्लाक में एक किराएदार पंखे के कुंडे में लटका है। सूचना पर मौके पर एसआई महेश कांडपाल पहुंचे।

उन्होंने मकान मालिक से जानकारी लेने के बाद शव पंखे के कुंडे से नीचे उतारा और शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी है। मृतक का नाम शिव कुमार पुत्र कृष्ण मोहन निवासी जनपद दरभंगा थाना घनश्यामपुर के ग्राम लगमा का निवासी था। यहां पर किराए पर रह कर किसी कंपनी में काम करता था। उन्होंने बताया कि पुलिस बस्ती वालों से भी जानकारी ली जा रही है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सामान मकान मालिक जबरदस्ती निकाला है तो जांच में दोषी होने पर कार्रवाई की जाएगी। किराएदार का सत्यापन हुआ या नहीं पुलिस इसकी जांच करेगी।

### मकान मालिक व किराएदार के मारपीट की चर्चा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मकान मालिक ने किराएदार के साथ मारपीट की। यह चर्चा ए ब्लाक में जोरों से चल रही। लोगों की मानें तो मकान मालिक किराएदार से कमरा खाली करा रहा और उसका सामान कमरे से बाहर रख दिया। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच करेगी। हालांकि मकान मालिक ने इस तरह की घटना से इंकार किया।

# पुलिस ने 12 बोर का तमंचा और जिन्दा कारतूस समेत एक दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में पुलिस का संदिग्ध व्यक्तियों,अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत गदरपुर पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया।

पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक एसपी काशीपुर अभय सिंह के निर्देश और क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गदरपुर के नेतृत्व मे थाना गदरपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र में चैकिंग के दौरान ग्राम अब्दुल्ला नगर बॉर्डर गदरपुर के पास से बाईक सवार संदिग्ध को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी लेने पर 12 बोर का तमंचा और जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम विष्णु पुत्र स्व.रामेश्वर कोली निवासी करतारपुर रोड वार्ड एक थाना गदरपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है बाइक सीज कर दी। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह चौहान, चौकी प्रभारी स्कैनिया, मुकेशमिश्रा, जीवन फुलेरा, विजेन्द्र नेगी आदि शामिल रहे।

# भारत रत्न पंत की जयंती पर आज कई कार्यक्रम

नैनीताल। नैनीताल में बुधवार (आज) को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पन्त के 138वें जन्म दिवस सुबह 10.30 बजे से मल्लीताल स्थित पंत पार्क में कई कार्यक्रमों का समारोह पूर्वक आयोजन किया जाएगा।

पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती समारोह के मुखय संयोजक पूरन सिंह मेहरा के मुताबिक समारोह में सूबे के पशुपालन तथा मत्स्य मंत्री सौरभ बहुगुणा बतौर मुखय अतिथि प्रतिभाग करेंगे। मेहरा ने बताया कि समारोह की सफलता के लिए सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। मेहरा ने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।

# राधा रानी भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व रुद्रपुर मुख्य बाजार में निकाली कलश यात्रा, विधायक भी हुए शामिल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

राधा रानी संस्था की ओर से खाटू श्याम मन्दिर से पांच मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में विधायक शिव अरोरा भी शामिल हुए। पांच मंदिर मे चलने वाली राधा रानी भागवत कथा जिसको ब्रज भक्त वैष्णवाचक रमाकांत गोस्वामी महाराज द्वारा किया जायेगा। इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ।

विधायक शिव अरोरा ने भी कलश यात्रा मे शामिल होकर भागवत गीता को सर पर रखकर यात्रा मे चलते नजर आये। विधायक ने कहा राधा रानी के जीवन पर आधारित कथा का आयोजन जो पांच मन्दिर में होना है निश्चित रूप से काफ़ी



आनंदमय व भक्तिमय रहेगा जिसमे सुन्दर मनमोहक राधा रानी के जीवन पर आधारित प्रस्तुति से अगले कुछ दिन पांच मन्दिर का वातावरण भक्तिमय रहेगा। इस दौरान कलश यात्रा में अमित जिंदल,राजू गुप्ता, सचिन अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दिनेश खंडेलवाल, राजेश गोयल, गोपाल गोयल, मोहन लाल, संदीप राव, उमा गर्ग,मन सिंघला, पारुल गुप्ता,निधि गोयल,लता खंडेलवाल आदि शामिल रहे।

# नैनीताल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की तैयारियां शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर कलब की बैठक कलब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 14 सितंबर (रविवार) को मल्लीताल स्थित गोवर्धन हाल में स्वर्गीय श्रीमती डा. सुषमा शाह की स्मृति में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रतियोगिता की कामयाबी के लिए कविता त्रिपाठी को संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में कार्यक्रम संयोजक कविता त्रिपाठी ने बताया प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी पहले चरण 3 से 6 एवं दूसरे चरण में7 से 14 साल के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता की थीम बच्चे अपनी सुविधा के अनुसार चुन सकते हैं। प्रतियोगिता रविवार यानी 14 सितंबर को ठीक 1000 बजे से गोवर्धन हाल में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में नगर के प्रत्येक स्कूल से 10 बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में जो भी बच्चे भाग लेना चाहते हैं वह 8941941261 में संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक संजय शाह के मुताबिक उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष अपनी धर्मपत्नी डा. सुषमा शाह की स्मृति में इस प्रतियोगिता का आयोजन विगत 5 वर्षों से किया जाता रहा है। इस वर्ष भी उनके द्वारा यह कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। बैठक में रानी शाह, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, रमा तिवारी, गीता शाह, ज्योति दौडियाल, दीपा पांडे, मीनाक्षी कीर्ति, विनीता पांडे, मीनू बुदुलाकोटी, जीवंती भट्ट, अमिता शाह, सीमा सेठ, तुसी शाह, तनप्रीत, मानसी गर्ग, भावना शाह, वंदना जोशी, डॉ. पल्लवी, नीरू शाह, मधुमिता तथा मंजू बिष्ट आदि ने विचार रखे।

# कूटा ने दान सिंह के निधन पर दुख जताया

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने विक्रम रावत के पिता तथा न्यू चौकोट रेस्टोरेंट के मालिक दान सिंह रावत के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कूटा ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कूटा अध्यक्ष प्रॉफ ललित तिवारी, प्रॉफ नीलू ,डॉ दीपक , डॉ विजय कुमार, डॉ संतोष कुमार , प्रॉफ अनिल बिष्ट डॉ दीपिका गोस्वामी , डॉ उमंग सैनी, डॉ पैनी जोशी, डॉ रितेश साह ने दुख व्यक्त किया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने जाना पौधरोपण का महत्व

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन मंगलवार को 431वें दिन भी जारी रहा।

दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में मंगलवार को पौधारोपण अभियान के 431 वें दिन मेरा पौधा- मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत विद्यालयों को पौधारोपण से जोड़ने के क्रम में जिसमें छात्र.छात्राओं को पौधे अपने घर के परिसर में लगाने हेतु दिए जाते हैं। जिसका छात्र छात्रा वृक्ष बनने तक संरक्षण करेंगे इसी क्रम में आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कनालीछीना में छात्र.छात्राओं व गुरुजनों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई तथा प्रत्येक छात्र को दो दो पौधे कुल 300 पौधों का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश चंद्र जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से छात्र छात्राओं को जोड़ना एक नई पहल है और यह आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल होगी।

उन्होंने दिनेश गुरु रानी की इस मुहिम की सराहना की। कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल, योगेश कन्याल तथा डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह ने संबोधित किया।



# रक्तदान से रक्तज्ञान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के बेतालघाट स्थित शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में रक्तदान से रक्तज्ञान विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गई।

अपने उद्बोधन में उन्होंने रक्तदान का महत्व बताते हुए शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। आयुर्वेद का संदर्भ देते हुए, उन्होंने बताया कि शरीर में सात तत्वों (धातुओं) का निर्माण होता है जिसमें भोजन से रस व रस से रक्त बनता है, पाचन क्रिया का दुरुस्त होना हमारे रक्त बनाने की




प्रक्रिया पर सकारात्मक प्रभाव डालता है,साथ ही उन्होंने बाजार में उपलबध डिबा बंद भोजन, फास्ट फूड और मैदे से निर्मित खाद्य वस्तुओं मोमोज आदि को हानिकारक बताते हुए उनसे दूर रहने की सलाह दी । उन्होंने भारतीय भोजन पद्धति को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए संतुलित भोजन को अंगीकार करने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने रक्तदान को महायज्ञ बताते हुए कहा कि यज्ञ शब्द के तीन अर्थ होते हैं देवपूजा संगतिकरण व दान, दान केवल अन्न या धन का ही पर्याप्त नहीं है मनुष्य के स्वभाव में रक्तदान की भावना भी आनी चाहिए, उन्होंने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ तरुण कुमार आर्य ने रक्तदान की प्रक्रिया के बारे में समझाया। रेडक्रॉस नोडल अधिकारी डॉ. इप्सिता सिंह ने रक्तदान के प्रकार तथा ई रक्तकोष के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दीपक द्वारा किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों में बबीता ने रक्तदान में युवाओं की भागीदारी वहीं रजनी आर्य ने महिलाओं में एनीमिया की बढ़ती समस्या पर प्रकाश डाला। मनीषा गोस्वामी ने रक्तदान को परिभाषित किया।

छाया पंत ने रक्तदान की थीम और रक्तदान को मानव सेवा बताया। अंत में प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को रक्तदान की शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में डॉ जयति दीक्षित, डॉ निर्मला सहित कार्मिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।